## न्यूज डायरी

### लेखपालों पर एफआईआर के खिलाफ आज थाना दिवस का बहिष्कार

**प्रयागराज।** सरकारी भूमि को चिह्नित किए जाने के दौरान लेखपालों पर हुए हमले के मामले में कुछ लेखपालों के खिलाफ ही प्राथमिकी दर्ज कर लिए जाने के विरोध में लेखपाल शनिवार को थाना दिवस का बहिष्कार करेंगे। लेखपाल संघ के जिलामंत्री अवनीश पांडेय ने बताया कि 15 जून को तहसील हंडिया में थाना उतरांव के तहत ग्राम थलुमा में राजस्व टीम आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सरकारी भूमि चिह्नित करने गई थी। कब्जेदारों ने टीम पर हमला कर दिया था जिसमें लेखपाल घायल भी हो गए थे। घटना में 18 को लेखपाल की तहरीर पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। उसी दिन कानूनगो, लेखपाल व प्रधान पर भी एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। ब्यूरो

### बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति के संगीत समारोह में सजे सुरों के रंग

सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित समिति के सदस्य। अमर उजाला

**प्रयागराज।** बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति के संगीत प्रकोष्ठ की जून की द्वितीय संगीत संध्या शुक्रवार को सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में आयोजित हुई। कार्यक्रम में अव्यावसायिक संगीत प्रेमियों ने एक से बढ़कर एक पुराने और सदाबहार फिल्मी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में एचके बजाज, शशि बजाज, वीरेंद्र पांडेय, अरुण श्रीवास्तव, अशोक महेश्वरी, हरीश कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव आदि ने गीतों की प्रस्तुति दी। संचालन डॉ. पीके सिन्हा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विनीत राय, महेंद्र कुमार, क्याम उद्दीन, अर्चना सिंह और वंदिता मिश्रा आदि ने सहयोग दिया। संवाद

### प्रदर्शनी के साथ नशा मुक्त भारत सप्ताह समापन

सिविल लाइंस से निकाली गई नशा मुक्ति जागरूकता रैली। स्रोत : आयोजक

**प्रयागराज।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मद्यनिषेध विभाग की ओर से 17 से 26 जून तक आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन शुक्रवार को हुआ। सुभाष चौक, सिविल लाइंस में मद्यनिषेध जन-जागरूकता प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जादूगर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मैजिक शो, राजेश कुमार ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी चारूल मिश्रा ने सुभाष चौक से मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता रैली निकाली गई। संवाद

### समाज और राष्ट्र के विकास में बड़ी बाधा है मादक पदार्थों का दुरुपयोग : डॉ. दिवाकर

**प्रयागराज।** विश्व ड्रग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वावधान में राजकीय संग्रहेण गृह किशोर, खुल्दाबाद प्रयागराज में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। डॉ. नरेंद्र दिवाकर ने कहा कि नशा व्यक्ति को सोचने-समझने की क्षमता नष्ट कर चोरी, लूट, हिंसा जैसी गैर कानूनी गतिविधियों का कारण बनता है। पीएलवी ममता दिवाकर ने बालकों को प्राधिकरण की सेवाओं व पीएलवी की भूमिका की जानकारी दी। अंत में बालकों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अधीक्षक राकेश चौरसिया, केयर टेकर नरेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट राजकुमार तिवारी आदि रहे। संवाद

# अलसुबह बारिश, दिन में उमस भरी गर्मी

## धूप-छांव के बीच आज भी हो सकती है बूंदाबांदी, 28 से झमाझम के आसार

अमर उजाला ब्यूरो

शुक्रवार को तेज धूप और भीषण गर्मी से परेशान दिखे राहगीर। अमर उजाला

**प्रयागराज।** शुक्रवार की अलसुबह हवा के झोंकों के साथ हुई बारिश ने लोगों को तपिश से फौरी राहत दिलाई। दिन में सूरज आग का गोला बना रहा। दिन भर उमस भरी गर्मी का घेरा लोगों को सताता रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 28 जून से झमाझम बारिश होगी।

सुबह बारिश के बाद धूप-छांव का क्रम दोपहर करीब 12 बजे टूटा। तेज धूप के साथ शरीर को निचोड़ने वाली उमस भरी गर्मी लोगों को पसीने से तर करती रही। शाम तक यही स्थिति रही।

दिन में अस्पतालों में मौसमजनित बीमारियों का इलाज कराने वालों की भीड़ रही। एसआरएन अस्पताल में मरीजों की संख्या का आंकड़ा एक बजे दो हजार के पार हो गया।

करीब छह बजे से चली हवाएं भी राहत नहीं दे पाईं। रात में बादलों का डेरा रहा लेकिन कहीं-कहीं बूंदाबांदी ही हुई।

मौसम वैज्ञानिक इविवि के डॉ. शैलेश राय के मुताबिक पांच से सात दिनों तक धूप-छांव की थिति रहेगी। बादलों की आवाजाही बूंदाबांदी और बारिश का कारण बनेगी। 28 जून से मानसून के जोर पकड़ने के आसार हैं। इस दौरान उमस भरी गर्मी परेशानी का कारण बनेगी।

### सेहत पर भारी पड़ रहा मौसम का मिजाज

उमस के साथ तेज गर्मी लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। लोग सर्दी-जुकाम, गले में खराश, बुखार, उल्टी-दस्त के साथ चक्कर खाकर गिरने का शिकार भी हो रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की भरमार है। मेडिकल कॉलेज के ईएंडटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सचिन जैन के मुताबिक लोगों को खूब पानी पीना है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर चिकित्सक से सलाह लेकर ही दवा लेना हितकर होगा।

# क्रॉप रेगुलेशन से और मीठे होंगे अमरूद, बढ़ेगी पैदावार

संवाद न्यूज एजेंसी

बारिश में होने वाले अमरूदों की पैदावार और गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

**प्रयागराज।** बारिश में होने वाले अमरूद की गुणवत्ता को और बेहतर करने और पैदावार बढ़ाने के लिए खुसरोबाग स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में क्रॉप रेगुलेशन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इससे अमरूद की मिठास के साथ पैदावार और किसानों की आय बढ़ सकेगी।

मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि बारिश में अमरूद का उत्पादन अच्छा होता है लेकिन फल मक्खी समेत अन्य कीटों के कारण गुणवत्ता प्रभावित होती है।

इसके लिए क्रॉप रेगुलेशन (फसल बहार नियंत्रण) तकनीक के तहत सॉफ्ट वुड कटिंग, यूरिया का छिड़काव, छंटाई समेत अन्य प्रयोग से फलों की पैदावार बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के तकनीकी सहयोग से फलों की बैगिंग (पैकिंग) तकनीक का भी परीक्षण किया जा रहा है।

डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि इन तकनीकों के प्रयोग से उत्पादन दोगुना होगा। वहीं, लागत में सिर्फ 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि किसान खुसरोबाग स्थित प्रशिक्षण केंद्र आकर निशुल्क तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### ■ मुहर्रम जुलूस के दौरान घूमने निकले किशोर की करंट से मौत

**प्रयागराज।** मुहर्रम जुलूस के दौरान घूमने निकले बहादुरगंज हटिया निवासी मोहम्मद हमजा (17) की शुक्रवार सुबह करंट लगने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सेवई मंडी के पास हल्की बारिश के बीच बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। शहर में देर रात जगह-जगह मोहर्रम की नौवीं जुलूस निकाली गई थी। बहादुरगंज निवासी मोहम्मद कासिम का बेटा मोहम्मद हमजा भी नौवीं पर उठे मासूम अली असगर के जुलूस में शामिल था। जुलूस में बड़ी संख्या में जायरीन चल रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे जुलूस सेवई मंडी के पास से गुजर रही थी, इसी बीच बारिश शुरू हो गई। मोहम्मद हमजा सड़क किनारे बिजली खंभे के पास खड़ा हो गया। अचानक खंभे में करंट उतर आया और वह उसके जद में आकर झुलस गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला ने बताया कि करंट लगने से किशोर की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

**बारिश में खंभे में उतरे करंट की चपेट में आया, सेवई मंडी के पास हादसा**

खाकी मौन, नियमों की सुरक्षा करेगा कौन?...

ट्रैफिक नियमों का मखौल उड़ाती यह तस्वीर खुल्दाबाद चौराहे के पास की है। एक बाइक, चार सवार और न किसी के सिर पर हेलमेट। जरा सी चूक बड़े हादसे का सबब बन सकती है। पुलिस को ऐसे लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करने की जरूरत है। अमर उजाला

# लोक कला राष्ट्र की पहचान : ऋचा

आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में लोक गायन एवं कथक नृत्य कार्यशाला में मौजूद शिक्षक और छात्राएं। स्रोत : कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

**प्रयागराज।** लोक संस्कृति विकास संस्थान की ओर से संस्कृति विभाग के तहत आयोजित 10 दिवसीय लोक गायन व कथक नृत्य कार्यशाला का शुक्रवार को आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि ऋचा सिंह ने कहा कि लोक कला और संस्कृति किसी भी राष्ट्र की पहचान होती है। युवाओं का अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ना समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

चेयरमैन पंकज जायसवाल ने कहा कि भारतीय लोक परंपराएं हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसी कार्यशालाएं नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अहम माध्यम बनती हैं। लोक संस्कृति विकास संस्थान के चेयरमैन शरद मिश्र ने कहा कि कार्यशाला केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं बल्कि लोक संस्कृति के पुनर्जागरण का सार्थक प्रयास है।

कार्यशाला में कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्रिया शांति प्रिया और लोक गायन का प्रशिक्षण मनोज कुमार राज रसिया देंगे। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला 25 जुलाई तक चलेगी।

### ■ आशुतोष बने प्रयागराज रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय संरक्षक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ प्रयागराज क्षेत्र की तरफ से प्रतापगढ़ डिपो प्रांगण में परिवहन विकास गोष्ठी और क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 2026-27 के लिए क्षेत्रीय कार्यसमिति का चुनाव हुआ। आशुतोष मिश्रा को क्षेत्रीय संरक्षक और चंद्रबली उपाध्याय को क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। वहीं, क्षेत्रीय कार्याध्यक्ष श्याम किशोर पांडेय, वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध लाल सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव, विमलेश नारायण त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्रा और अनिल कुमार पांडेय, क्षेत्रीय मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री विपिन कुमार तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा, राजेश सिंह सिंगरौर और माया शर्मा बने। क्षेत्रीय संगठन मंत्री उमाशंकर मौर्य, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विजय कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष नंदलाल पाल, क्षेत्रीय लेखा परीक्षक शंकर तिवारी, क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री राजेंद्र कुमार सेन, प्रांतीय प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडेय, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल, विजय कुमार मौर्य निर्वाचित हुए। संवाद

### चार दिवसीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण में 400 पटरी दुकानदार प्रशिक्षित

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अमर उजाला

**प्रयागराज।** नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) की ओर से आयोजित चार दिवसीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम में 400 पटरी दुकानदारों का पंजीकरण किया गया और उन्हें वर्ष 2026-27 के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस और खाद्य सुरक्षा किट निशुल्क वितरित की गई। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि नकली मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण छोटे फुटपाथ व्यापारियों के लिए उपयोगी साबित होगा खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष विकास अग्रहरी, महामंत्री विमल गुप्ता, लीलावती पांडेय, पार्षद राजू शुक्ला, गणेश गुप्ता, श्याम देव आदि ने भी संबोधित किया। संवाद

### जमीन के विवाद और धमकी से आहत युवक फंदे से लटका मिला

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के झूंसी कोहना की बस्ती में शुक्रवार सुबह 23 वर्षीय कृष्णा उर्फ लल्लू पुत्र रामसूरत फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि घर के सामने की जमीन पर दबंग पड़ोसी जबरन कब्जा कर रहे थे। इसी विवाद और धमकी से आहत होकर कृष्णा ने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन कृष्णा को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झूंसी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि दबंगों के खिलाफ बीते 22 जून को पुलिस से लिखित शिकायत भी की गई थी। कृष्णा ने निर्माण कार्य का विरोध किया तो उसे धमकाया गया था। कृष्णा जीटी सड़क पर एक दुकान में काम करता था। परिजनों ने पुलिस को कब्जेदारों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में भी लिया था। झूंसी कोहना बस्ती निवासी शिवमूरत वर्मा और उनके पड़ोसियों के बीच करीब 65 वर्गगज जमीन को लेकर 14 साल से विवाद चल रहा है। संवाद

## ओपीडी

### एसआरएन अस्पताल

शनिवार - सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक

- **मेडिसिन :** (कमरा नं. 1/19) - डॉ. विभु मिश्रा (कमरा नं. 1/20) - डॉ. सुशांत वर्मा, (कमरा नं. 1/12) -डॉ. केएन त्रिपाठी, (कमरा नं. 1/13)- अभिषेक द्विवेदी।
- **सर्जरी :** (कमरा नं. 2/39) -डॉ. बीके पांडेय (कमरा नं. 2/22)-डॉ. मयंक सिंह, (कमरा नं. 1) -डॉ. विशाल केवलानी, (कमरा नं. 2) -डॉ. रविराज
- **मनोरोग :** (कमरा-1/67) - डॉ. शैलेंद्र कुमार मिश्रा
- **त्वचा रोग :**(कमरा-3/7) - डॉ. सुधा यादव
- **टीबी चेस्ट :**(कमरा-3/1) - डॉ. तारिक महमूद

### नई बिल्डिंग

- **किडनी :** (कमरा नं. 04) -डॉ. अरविंद गुप्ता।
- **न्यूरोलॉजी :** (कमरा नं. 08) -डॉ. सिद्धार्थ सिंह।
- **प्लास्टिक सर्जरी :** (कमरा नं. 13) - डॉ. मोहित जैन।
- **हृदय रोग :** (कमरा नं. 1/9) -डॉ. बीके श्रीवास्तव, डॉ. विमल निषाद।
- **हड्डी रोग :** (ओपीडी-1) - डॉ. सचिन यादव।
- **दंत रोग विभाग :**(कमरा नं. 2/1) -डॉ. आनंद कुमार।
- **ईएनटी :** (कमरा नं. 2/5)-डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह।
- **स्त्री रोग :** (कमरा नं. 1/64) -डॉ. अनुपमा उपाध्याय, डॉ. तोशी डॉ. विभि सिंह
- **नेत्र विभाग :**(कमरा नं. 3/2) - डॉ. जितेंद्र सिंह।

इमरजेंसी नंबर 9454455138


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 44वाँ (वि0/याँ0) वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

पत्रांक: 1065/निविदा सूचना (प0उ0)-44/2026 दिनांक:- 19-06-2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**महामहिम राज्यपाल माननीय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिभर दर पर/अधोहस्ताक्षरी की ओर से दिनांक 29-06-2026 से 06-07-2026 तक की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा कर निविदा वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, प्रयागराज के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

**मुहरबन्द निविदा दिनांक - 06-07-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, प्रयागराज में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 06-07-2026 को 12:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, प्रयागराज में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक - 06-07-2026 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।**

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (ई० माह में) | धरोहर पनरली (10 प्रति शत में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य सैनवैट एवं समस्त कर सहित (50 में) | कार्य कराने वाले कृषक का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | कार्य के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | प्रयागराज | Electrical work of Scanning & Miscellaneous Application Section at Hon'ble High Court, Allahabad. | 3.11 + GST Extra | 0.31 | 30 दिन | 677.00 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत्तरी कृषक, प्रयागराज | अधीक्षण अभियन्ता, 44वाँ (वि0/यां0) वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी | मुख्य अभियन्ता (वि0/यां0), लो0नि0वि0, प्रयागराज | लोकनिर्माण में विद्युत कार्य हेतु 'ए' एवं ठेकेदार। |
| 2 | प्रयागराज | S/R of 1250Amp. 415V Changeover switch on Existing electrical panel at High Rise Building, Stanley Road, Hon'ble High Court, Allahabad. | 1.86 + GST Extra | 0.19 | 15 दिन | 589.00 | | | | लोकनिर्माण में विद्युत कार्य हेतु 'ए, बी एवं ठेकेदार। |
| 3 | प्रयागराज | Supply and Installation of 01 No. of New 10 HP Submersible pump at Block 'A' in the High Court Residential Complex, Chaufatta, Prayagraj. | 0.96 + GST Extra | 0.10 | 15 दिन | 559.00 | | | | लोकनिर्माण में विद्युत कार्य हेतु 'ए, बी एवं ठेकेदार। |
| 4 | प्रयागराज | S/R of Water cooler & R.O. in Digitization centre (First Floor) CIT Building at Hon'ble High Court Allahabad. | 2.36 + GST Extra | 0.24 | 30 दिन | 677.00 | | | | लोकनिर्माण में विद्युत कार्य हेतु 'ए' एवं "बी" श्रेणी में /विशेष्य वर्ग जिनके पास राजकीय के कार्य को करने का वर्षीय अनुभव हो। |

**शर्तें:-**

**1-निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक- 06-07-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में "अधिशासी अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, प्रयागराज" के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

**2- निविदा की वैधता प्राप्ति के दिन से 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर (रूपये एक के रेवेन्यू स्टैम्प सहित) वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।**

**3- टी-1 की सारी शर्तें मान्य होंगी। टी-4 (यथाशा0), टी-5 (यथाशा0) एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।**

**4- ठेकेदार के बिल से नियमानुसार 1% लेबर सेस की कटौती की जायेगी।**

5- Payment Process will proceed after getting money from the concerned agency or Government.

6- Bids must be accompanied with The Security amount Specified in Column 5 of the above table. Bid Security shall be in any one of the form of FDR of any Scheduled Commercial Bank, NSC, Post Office Saving Bond in the favour of "EXECUTIVE ENGINEER, E/M DIVISION, PWD, PRAYAGRAJ"

**7- Bids must be accompanied by non-refundable fee as indicated in column 6 of the above table, in the form of Demand Draft on any Schedule bank, for amount indicated in favour of "EXECUTIVE ENGINEER, E/M DIVISION, PWD, PRAYAGRAJ" payable at Prayagraj.**

**8- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22), दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभागीय/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।**

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0,
प्रयागराज

(ए०के० गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता,
44वाँ (वि0/यां0) वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

www.upgov.nic.in
UPID No.-252926 Dt.-24.06.2026



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड प्रयागराज पताः–विकास भवन, प्रयागराज।

### ई–प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा सूचना

पत्रांक – 739/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/अनु0सहायक/2025–26/ दिनांक : 22.06.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड प्रयागराज के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.डी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र सं | जनपद का नाम | कार्य का नाम (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | निर्माण लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा/ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रयागराज पीडब्लिडि | ग्राम कपसा मस्जिद के गुलाम मुस्तफा के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 10.12 | 0.25 | 2500 | 3 Month |
| 2 | प्रयागराज पीडब्लिडि | ग्राम भरौटी पक्की सड़क शिव मंगल के घर से आगे तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 11.19 | 0.23 | 2500 | 3 Month |
| 3 | प्रयागराज पीडब्लिडि | ग्राम खखौरा शिवचरण के घर से विजय बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 11.29 | 0.23 | 2500 | 3 Month |
| 4 | प्रयागराज पीडब्लिडि | ग्राम खिजिरपुर सन्तलाल भारतीय के घर से हरिजन बस्ती तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 13.26 | 0.27 | 2500 | 3 Month |
| 5 | प्रयागराज पीडब्लिडि | ग्राम बजती मजरा जमिलाडीह गयाराज के घर से कडेलाल भारतीय के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 11.38 | 0.23 | 2500 | 3 Month |
| 6 | प्रयागराज पीडब्लिडि राज्यांश | दिग्घाअबारिया के ग्राम बस्ती सुरेश सिंह के घर क घर्म से बरसी पुरानी चकरोड से बृजराज के कर्म तक इण्टरलाकिंग निर्माण का कार्य। | 10.28 | 0.23 | 2500.00 | 3 Month |

2–वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 09.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे से।
3–ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय :– 09.07.2026 को प्रातः 12:00 बजे से।
4–ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अनिम तिथि/समय :– 15.07.2026 को सायं 5:00 बजे से।
5–ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.07.2026 को प्रातः 1:00 बजे से।
6–निविदा आनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
7–निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समयान्तर पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड शबमिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ़ लें।

(एस0पी0 मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रयागराज प्रयागराज

www.upgov.nic.in
UPID No.-253020 Dt.-25.06.2026



## यूको बैंक

आंचलिक कार्यालय : धनश्री कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, डी–63/8–एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी

### ई–नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के तहत)

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रर्वतन अधिनियम – 2002 (SARFAESI ACT - 2002) की धारा 13(2) सहपठित नियम 5, 6, 7, 8, और 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास साम्पिक बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में मांग–नोटिस जारी करने के उपरांत उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपत्तियों को कब्जे में ले लिया है और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्तियों को ''जो है, जैसा है, जहां है'' के आधार पर दि0 29.07.2026 को यथास्थिति ई–नीलामी (Baanknet Portal) द्वारा बिक्री करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु–स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक) | मांग सूचना की तिथि व बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / अग्रिम मूल्य / निविदा बढ़ोतरी राशि | प्राधिकृत अधिकारी का विवरण | ई–नीलामी की तारिख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा : पहलपुर (30445) प्रतापगढ़<br>ऋणी:– इमरान इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर इमरान खान पुत्र मोहम्मद नईम खान<br>जमानतकर्ता: मोहम्मद नईम खान पुत्र छेदी खान<br>पता: दोनो निवासी पुरहमांव, पोस्ट–किठावर, तहसील–सदर, जिला– प्रतापगढ़, पिन 230503 | 05/06/2026 (प्रतीकात्मक)<br>सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूमि एवं भवन शामिल, मापं 0.004 हेक्टेयर, श्री इमरान खान पुत्र मोहम्मद नईम खान के नाम पर, उप रजिस्ट्रार प्रथम प्रतापगढ़ में बुक नंबर 1, जिल्द नंबर 5203, पेज नंबर 391–412, विलेख नंबर 800 के अनुसार दिनांक 14–02–2020 को पंजीकृत है, प्लॉट नंबर– 480, ग्राम–पुरहमांव किठावर, तहसील–सदर, प्रतापगढ़–230503 में स्थित, **चौहद्दी पूर्व:** अंश हाजा मो. नईम, **पश्चिम:** महेश प्रसाद का प्लॉट, **उत्तर:** महेश प्रसाद का प्लॉट, **दक्षिण:** सड़क (प्रतापगढ़ से अयोध्या) | 22/12/2025<br>रू. 12,73,119/-<br>दिनांक 31.12.2025 तक की मांगा + ब्याज्ज खर्च, शुल्क, खर्च आदि | रू. 20.50 लाख<br>रू. 2.05 लाख<br>रू. 0.10 लाख | प्राधिकृत अधिकारी<br>श्री पुष्पेन्द्र कुमार<br>मो0 : 9695368613 | 29.07.2026<br>प्रातः 10.00 से सायं 05.00 तक |

नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों के लिए यूको बैंक की वेबसाइट: www.ucobank.com या पीएसबी आलियान्स का ई विक्रय के https://baanknet.com को देखें।
**नोटः यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।**

**दिनांक : 25.06.2026, स्थान : प्रतापगढ़** अंग्रेजी विज्ञापन दि टाइम्स ऑफ इण्डिया में प्रकाशित। **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**


## तुम जियो हजारों साल

अतुल

अनन्या

अगर आपके 10 वर्ष तक के बच्चे का जन्मदिन कल है तो नाम व पते के साथ इसकी सूचना आज ही इसी मोबाइल नंबर 7617566162 पर शाम छह बजे तक हमें भेज दें। हम उसे निशुल्क प्रकाशित करेंगे।

अदिरा